आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

राजस्थान

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, शुक्रवार, 9 सितंबर, 2022 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-14, 2079 | 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

dainikbhaskar.com

हिंदी की प्रतिष्ठा और प्रचार-प्रसार में हिंदीतर भाषियों का भी बड़ा योगदान है : डॉ. पंचारिया

पिलानी | सीएसआईआर-सीरी पिलानी में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने कहा कि हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है अपितु पूरे देश की सर्वमान्य संपर्क भाषा भी है। विगत कुछ समय से देश-विदेश में हिंदी का उपयोग और प्रतिष्ठा बढ़ी है। जिस प्रकार हिंदी ने अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दों को स्वीकार कर अपना प्रसार बढ़ाया है उसी प्रकार हमें भी जीवन में समावेशी बनते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। संस्थान में प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के उपयोग की सराहना करते हुए उन्होंने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी हिंदी का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया। इससे पूर्व हिंदी सप्ताह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत कर्माकर ने संस्थान में सप्ताह पर्यंत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयोजक रमेश बौरा ने स्वागत किया। सत्र के अंत में प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्थान में सात से 13 सितंबर तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान सभी सहकर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कल सायंकालीन सत्र में आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता के नियमित सहकर्मी वर्ग में गुरमेन्द्र सिंह ने प्रथम, मुरलीधर ने द्वितीय, महेंद्र सिंह एवं दीपिका शर्मा ने तृतीय तथा चांदनी दीक्षित ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अस्थायी सहकर्मी वर्ग में प्रीति पाल ने प्रथम, नवीन कुमार शर्मा ने द्वितीय, अखिलेश मिश्रा ने तृतीय, सुरभि बिदावत ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. उदित नारायण पाल वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, जय प्रकाश इंदौरा वित्त एवं लेखा नियंत्रक तथा जय शंकर शरण प्रशासन नियंत्रक ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विजेताओं को बधाई दी। संचालन जितेंद्र नाथ बाजपेई तकनीकी अधिकारी ने किया।